कार्यालय केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय बागपत।

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिये जनपद न्यायालय बागपत के बाहर प्रस्तावित स्थल पर मोटर साईकिल पार्किंग की नीलामी अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.04.2023 को अपराह्न 01:30 बजे जनपद न्यायालय बागपत के सभागार कक्ष में नियत है।

इच्छुक व्यक्ति मोटर साईकिल पार्किंग के ठेके की नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित समय से पूर्व केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय बागपत में उपस्थित होकर जानकारी कर सकते हैं।

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन आदेश के अनुपालन में नीलामी समिति की उपस्थिति एवं निर्देशन में दिनांक 11.04.2023 को अपराह्न 01:30 बजे जनपद न्यायालय बागपत के सभागार कक्ष में सम्पन्न किया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिये सभी जानकारी जनपद न्यायालय बागपत की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/baghpat एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in पर देखा जा सकता है तथा केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय बागपत से भी प्राप्त की जा सकती है।

दिनांकः-03.04.2023

(शैलेन्द्र पाण्डेय)
अध्यक्ष ठेका नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या-01 बागपत।

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

01. जिला सूचना अधिकारी बागपत को जी0ओ0 संख्या-562/उन्नीस-2-2007-1007(टी0सी0) दिनांकित 04.07.2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
02. कार्यालय जिलाधिकारी महोदय बागपत।
03. कार्यालय तहसील सदर बागपत, खेकड़ा तथा बड़ौत।
04. कार्यालय नगर पालिका परिषद बागपत एवं जिला अस्पताल बागपत एवं अन्य सूचना पट पर चस्पा हेतु।
05. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला बागपत की वैधानिक वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

आख्या माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदनार्थ सादर प्रेषित।

(शैलेन्द्र पाण्डेय)
अध्यक्ष ठेका नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,